## संपादकीय

# तड़के-भड़के का चटपटा चुनाव

भारतीय मसालों की दुनियाभर में धूम है। फिर भी हर कोई चाहता है कि बिना हींग-फिटकरी के ही चोखे रंग आ जायें। पर असली स्वाद और रंगत तो मसालों से ही आती है। कोई सोच भी नहीं सकता कि मसालों पर भी कई तरह की जिम्मेदारी है। सबसे पहला काम तो उनका यही है कि वे खाने में स्वाद की वृद्धि और हाजमे में मदद करते हैं। इसके अलावा लोंग-इलायची मुंह को तरोताज़ा और खुशबूनुमा रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। अब तो दंत-मंजन कंपनियों ने अपने पेस्ट और मंजनों में तरह-तरह के मसाले मिला लिये हैं। जब एक सेल्जमैन ने अपने टूथपेस्ट की तारीफ में कहा कि हमारे पेस्ट में लोंग, अजवायन, दालचीनी, इलायची, केसर, चंदन आदि शामिल हैं तो एक मनचले ने पूछ ही लिया– भाई मुंह में पेस्ट करना है या हवन

चटपटी चाट हो या करारे तले-भुने पापड़ हों तो देखकर हर किसी के मुंह में पानी आ जाता है पर इस बार हरियाणा में जो उपचुनाव हो रहा है उसके बारे में सुनने में आ रहा है कि वह बहुत चटपटा हो गया है। कोई उसे जायकेदार बता रहा है। यह और बात है कि कांटे की टक्क र ने दिग्गजों का हाजमा खराब कर रखा है। तड़के वाली दाल और भड़के हुये नेताओं का तो कहना ही क्या।

परम्पराओं को देखें तो राई, लाल मिर्च और लोंग का एक जिम्मा है नज़र उतारने का। नज़र लगने पर हरी-मिर्च व नीबू, काली हांडी, काला धागा, ताबीज-झाड़े तो अपना वर्चस्व रखते ही हैं पर घरों में आमतौर पर किसी बच्चे के बेवजह रोने-चिड़चिड़ाने पर राई, लाल मिर्च व लोंग आदि की भी जबरदस्त भूमिका है और मांयें इन्हीं से उसकी नज़र उतारती हैं। कभी-कभार काजल से काले टीके का भी सहारा लिया जाता है। मैंने एक छोटे से बच्चे को अपनी मां से लड़ते देखा जो उसके कान के पीछे नज़र न लगने के लिये काला टीका लगा रही थी और बच्चा लगवाने से इंकार कर रहा था। मेरे ज़हन में एक शे'र घुमड़ रहा था :-

ले दे के अपने पास फकत एक नज़र तो है
क्यों देखें ज़िंदगी को किसी की नज़र से हम

# ई-कॉमर्स एफडीआई पॉलिसी की डेडलाइन दो महीने बढ़ा सकती है सरकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकार ई-कॉमर्स सेक्टर में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के नियमों में हुए हाल के बदलावों को लागू करने की डेडलाइन बढ़ाने पर विचार कर रही है। सरकार ने पहले कहा था कि नए नियम 1 फरवरी से लागू होंगे।




आला सरकारी अधिकारी ने कहा, सरकार डेडलाइन बढ़ाने की सोच रही है, लेकिन अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने बताया कि सरकार डेडलाइन को कम-से-कम दो महीने बढ़ाने पर विचार कर रही है। ऐमजॉन और फ्लिपकार्ट के अधिकारी पिछले हफ्ते सरकारी अफसरों से मिले थे। उन्होंने इसमें नए नियमों की दो शर्तों को टालने की अपील की थी।

सूत्रों के मुताबिक, पहले में मार्केटप्लेस और उसकी ग्रुप कंपनियों के किसी भी वेंडर में हिस्सेदारी रखने की मनाही है। दूसरे में कहा गया है कि मार्केटप्लेस और ग्रुप कंपनियां अपने प्लैटफॉर्म पर बेचे जाने वाली इन्वेंटरी पर कंट्रोल नहीं रख सकते। अगर डेडलाइन दो महीने बढ़ाई जाती है तो इसका मतलब यह है कि नए रूल्स लोकसभा चुनाव के वक्त लागू होंगे।

सूत्रों के मुताबिक ऐमजॉन ने डेडलाइन चार महीने बढ़ाने की मांग की है, जबकि फ्लिपकार्ट इसमें 6 महीने की बढ़ोतरी चाहती है। दोनों कंपनियों ने इस सिलसिले में डिपार्टमेंट ऑफ इंडस्ट्रियल पॉलिसी ऐंड प्रमोशन (डीआईपीपी) को चिट्ठी भी लिखी है। ऐमजॉन इंडिया ने कहा कि वह देश के सभी कानून, नियम और दिशानिर्देशों पर अमल करेगी, लेकिन वह ई-कॉमर्स एफडीआई पॉलिसी में हुए बदलाव पर सरकार के स्पष्टीकरण का इंतजार कर रही है। केंद्र ने 26 दिसंबर को ये नियम बदले थे।

कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, हम पॉलिसी पर स्पष्टीकरण का इंतजार कर रहे हैं। हमने सरकार से डेडलाइन चार महीने बढ़ाने की अपील की है। उन्होंने कहा, हमारे 4 लाख से अधिक सेलर हैं। ऐमजॉन इंडिया मार्केटप्लेस पर रोजाना हजारों-लाखों ट्रांजैक्शन होते हैं। हमें पूरी पॉलिसी को समझने के लिए पर्याप्त समय चाहिए।

फ्लिपकार्ट ने खबर के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब नहीं दिए।

## जेट एयरवेज का गणतंत्र दिवस ऑफर, 50 प्रतिशत तक छूट की पेशकश

नयी दिल्ली (आरएनएस)। जेट एयरवेज ने गणतंत्र दिवस के मौके पर सात दिन की सेल की घोषणा की है जिसके तहत किराये में 50 प्रतिशत तक छूट की पेशकश की गयी है। कंपनी ने आज बताया कि ऑफर के तहत 24 जनवरी से 30 जनवरी की मध्यरात्रि तक बुकिंग करायी जा सकेगी।



इसके तहत अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर तत्काल यात्रा के लिए टिकट लिये जा सकते हैं जबकि घरेलू यात्रा के लिए प्रीमियम श्रेणी में 01 फरवरी या उसके बाद और इकोनॉमी श्रेणी में 08 फरवरी या उसके बाद की यात्रा की बुकिंग की जा सकेगी। घरेलू यात्रियों के लिए एक शर्त यह भी रखी गयी है कि वे प्रीमियम श्रेणी में आठ दिन और इकोनॉमी श्रेणी में 15 दिन बाद के ही टिकट बुक करा सकेंगे।

यह ऑफर घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय दोनों गंतव्यों के लिए है। एक तरफ के टिकट या आने-जाने दोनों के टिकट पर यह मान्य होगा।

# 75 दिनों की वैधता के साथ Airtel लाया नया प्लान

नई दिल्ली। दूरसंचार कंपनियां आने वाले दिनों में प्रीपेड ग्राहकों की मुसीबतें बढ़ा सकती हैं। वित्तीय संकट झेल रही देश की तमाम सेवा प्रदाता कंपनियां न्यूनतम रिचार्ज की राशि को बढ़ाने की तैयारी में हैं। मौजूदा समय इसकी दर 35 रुपये है, जो बढ़ाकर 75 रुपये की जा सकती हैं।ऐसे में ग्राहकों को मोबाइल पर इनकमिंग चालू रखने के लिए प्रत्येक 28 दिन में यह कीमत चुकानी होगी। इस कारगुजारी पर दूरसंचार नियामक ट्राई छह माह तक रोक लगा सकता है, लेकिन अनुमान है कि वित्तीय संकट के मद्देनजर नियामक कंपनियों के खिलाफ ऐसा कदम नहीं उठाएगा।

**एयरटेल ने दिया संकेत**

दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल के सीएमडी सुनील भारती मित्तल ने न्यूनतम रिचार्ज की दरें बढ़ाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि लंबी अवधि की वैधता के दिन अब लद गए हैं। कभी कंपनियां ग्राहकों को नेटवर्क पर जोड़े रखने के लिए लाइफ टाइम रिचार्ज के ऑफर दिया करती थीं। ग्राहकों को नेटवर्क से जुड़े रहने के लिए कम से कम हर महीने 35 रुपये का रिचार्ज कराना अनिवार्य है, जो आने वाले दिनों में प्रति माह 75 रुपये तक पहुंच जाएगा।

## जियो आया धमाकेदार प्लान, 168 दिनों की मिल रही है वैलिडिटी




नई दिल्ली। रिलायंस जियो ने जियोफोन उपभोक्ताओं के लिए लंबी अवधी के टैरिफ प्लान पेश किए हैं। जियोफोन मॉनसून हंगामा ऑफर के तहत लाए गए 6 महीने और 3 महीने के प्लान्स के लिए उभोक्ताओं को 594 रु और 297 रु का भुगतान करना होगा। जियोफोन उपभोक्ताओं के लिए अभी तक कोई भी लंबी अवधी का प्लान उपलब्ध नही था।

जियोफोन ग्राहकों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए 594 रु के प्लान की वैलिडिटी 168 दिनों की होगी। यह अनलिमिटेड डाटा प्लान है, जिसमें ग्राहक को प्रतिदिन आधा जीबी हाई स्पीड 4जी डाटा मिलेगा।

## रवनीत गिल यस बैंक के नए सीईओ-एमडी होंगे

नई दिल्ली। रवनीत गिल यस बैंक के नए एमडी और सीईओ होंगे। वे 1 मार्च तक यह पद संभाल लेंगे। फिलहाल वे डॉएचे बैंक इंडिया के सीईओ हैं। उन्हें कैपिटल मार्केट, ट्रेजरी, फाइनेंस, फॉरेन एक्सचेंज, रिस्क मैनेजमेंट और प्राइवेट बैंकिंग का अनुभव है। इस खबर के बाद यस बैंक के शेयर में 14 प्रतिशत तेजी आ गई।आरबीआई ने यस बैंक को निर्देश दिए थे कि वर्तमान सीईओ राणा कपूर का कार्यकाल घटाकर 31 जनवरी 2019 तक कर दिया जाए। यस बैंक के एनपीए और बैंक के आंकड़ों में अंतर सामने आने के बाद आरबीआई ने राणा कपूर का कार्यकाल घटाने के निर्देश दिए थे।



## आज का राशिफल

मेषः व्यवहार संयमित और क्रोध पर काबू रखें। आज आप मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। परिश्रम की तुलना में फल की प्राप्ति कम होगी। संतान के विषय में चिंता रहेगी।

वृषभः आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे तथा उसमें सफलता भी प्राप्त करेंगे। पिता पक्ष की ओर से आपको लाभ हो सकता है।

मिथुनः नई योजना का प्रारंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी लाभ तथा उच्चाधिकारियों से कार्य का उचित फल मिल सकता है। भाई-बंधु तथा पास-पड़ोस के लोगों से हुआ मनमुटाव दूर हो सकता है।

कर्कः शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ महसूस करेंगे। निराशा और असंतोष की भावना मन में आज बनी रहेगी। सगे-संबंधियों के साथ संबंध बेहतर होंगे।

सिंहः आज आत्मविश्वास कूट-कूट कर भरा रहेगा। किसी भी कार्य को करने के लिए आप त्वरित निर्णय भी ले सकते हैं। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है।

कन्याः आज आपके अहं का किसी दूसरे व्यक्ति के अहं के साथ टकराव न हो इसका ध्यान रखें। शारीरिक थकान और मानसिक तनाव अधिक रहेगा। मित्रों के साथ किसी बात पर आपका मनमुटाव हो सकता है।

तुलाः आज का दिन शुभफलदायी है। आज आपको भिन्न-भिन्न लाभ होने के योग हैं। मित्रों के साथ मिलना-जुलना और कुछ मनोहर स्थलों पर घूमने जाने की संभावना है। गृहस्थ जीवन में पुत्र एवं पत्नी से सुख की प्राप्ति होगी। धनप्राप्ति के योग हैं।

वृश्चिकः आज का दिन शुभफलदायी है। आपके गृहस्थजीवन में आनंद और उल्लास बना रहेगा। आपके सभी कार्य बिना अवरोध के संपन्न होंगे। मान-सम्मान मिल सकता है। नौकरी, व्यवसाय में पदोन्नति होगी।

धनुः आज कोई भी खतरनाक कदम आपको कठिनाई में डाल सकता है। कोई भी कार्य करने में उमंग- उत्साह का अभाव रहेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से व्यग्रता रहेगी।

मकरः कार्यक्षेत्र में स्थिति अनुकूल रहेगी। ऑफिस के कार्य आप निपुणता से कर पाएंगे। व्यावहारिक तथा सामाजिक कार्य के लिए बाहर जाने के अवसर मिल सकते हैं।

कुंभः आज आपमें दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास छलकता हुआ नजर आएगा। प्रणय प्रसंग आपके दिन को आनंदित बनाएंगे। विपरीत लिंगीय व्यक्ति यों के साथ पहचान होगी और मित्रता बढ़ेगी।

मीनः आपका दिन शुभफलदायी है। आज आपमें दृढ़ मनोबल एवं आत्मविश्वास का संचार होगा। सेहत अच्छी रहेगी। घर में शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा। दैनिक कार्य अच्छी तरह से कर पाएंगे।

## घर के किस कोने में स्थापित करने चाहिए मंदिर



हिन्दू धर्म में घरों में मंदिर का होना अनिवार्य है। ऐसा कोई घर नहीं होगा जहाँ मंदिर न हो। घर में मंदिर होने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। घर बनाते समय इस बात का ध्यान अवश्य रखना चाहिए कि मंदिर कहां बनाया जाये। वास्तु के अनुसार मंदिर घर के किस कोने में स्थापित करें।

**किस कोने में स्थापित करें मंदिर-**

वास्तु अनुसार मंदिर आपके घर के उत्तर पूर्व में स्थापित करें। घर में मंदिर हमेशा उत्तर-पूर्व मतलब ईशान कोण की तरफ होना चाहिए। इस दिशा में मंदिर होने से ज्ञान बढ़ता है और घर में सकारात्मक ऊर्जा आती है।

**पूजा करते समय किस दिशा में बैठें?**

पूजा करते हुए हमेशा मुख पूर्व की तरफ होना चाहिए ऐसा करने से घर में धन आता है और समृद्धि का वास होता है वहीं अगर आप अभी पढ़ाई कर रहे हैं तो उत्तर दिशा की तरफ मुख करके अध्ययन करें।

**बैडरूम में मंदिर न बनायें**

वास्तु के अनुसार जहाँ आप सोते हैं या जो आपका बैडरूम है उसमे कभी भी मंदिर नहीं बनाना चाहिये। अगर आपके बैडरूम में मंदिर हैं तो रात को मंदिर पर पर्दा डाल दें।

## अलीबाबा को पछाड़ सकती है मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मुनाफे में 8.82 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है जो कि 10,251 करोड़ रुपये रही. इस पर वैश्विक वित्तीय सेवा फर्म यूबीएस ने कहा कि मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली में एक एकीकृत ऊर्जा कंपनी से अमेजन या अलीबाबा जैसी उपभोक्ता दिग्गज में बदलने की वास्तविक क्षमता है. यूबीएस ने 100 पन्नों की व्यापक रिपोर्ट में कहा कि दूरसंचार और मीडिया में बाजार नेतृत्वकर्ता बन सकती है, जबकि खुदरा/ईकॉमर्स के क्षेत्र में कंपनी महत्वपूर्ण बाजार हिस्सेदारी हासिल करेगी.



**आरआईएल को घरेलू कंपनी होने का लाभ मिलेगा**


रिपोर्ट में कहा गया है कि इसकी सफलता एक पारिस्थितिकी तंत्र या बंडल्ड रणनीति पर आधारित होगी, और कंपनी को घरेलू कंपनी होने का लाभ मिलेगा, जिस प्रकार से अलीबाबा चीन में स्पष्ट या निहित रूप से नीतिगत समर्थन से सफल हुई है. ने वित्त वर्ष 2017-18 की तीसरी तिमाही में 9,420 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था.

**वाइब्रेंट गुजरात में बड़ी घोषणा की**

'वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2019' को 18 जनवरी को संबोधित करते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने घोषणा की थी कि रिलायंस अगले दशक में अपने निवेश और रोजगार की संख्या को बढ़ाकर दोगुना कर देगी.

# एशियन कप के असर से बदलेगा भारतीय फुटबाल - गुरप्रीत सिंह

नई दिल्ली। भारतीय टीम के गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने कहा है कि एएफसी एशियन कप का भारतीय फुटबाल पर 'बहुत बड़ा' असर पड़ेगा। भारतीय टीम एशियन कप में प्री-क्वार्टर फाइनल में जाने से चूक गई थी लेकिन अपने प्रदर्शन से टीम ने प्रशंसा हासिल की थी। गुरप्रीत ने अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की




वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, टीम के 23 खिलाड़ियों में 21 खिलाड़ी पहली बार उस स्तर पर खेल रहे थे।

अब हम इसे आगे ले जाना चाहते हैं। हमारे लिए यह जरूरी है कि हम बड़े मंच पर अच्छा करें और हम ऐसा करेंगे। गोलकीपर ने कहा, भारतीय फुटबाल पर इस टूर्नामेंट का बहुत बड़ा असर पड़ेगा।

भारतीय टीम ने यूएई में एएफसी एशियन कप की शुरुआत पहले मैच में थाईलैंड को 4-1 से मात देकर की थी। इसके बाद हालांकि वह मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और बहरीन से लगातार दो मैच हार कर बाहर हो गई थी।

गुरप्रीत ने कहा, अगर हम एक साथ रहें तो यह टीम काफी आगे जा सकती है। हम बेशक टूर्नामेंट से बाहर हो गए लेकिन हम जितना कर सकते थे, उससे ज्यादा कर सकते थे।

## इंग्लैंड एंड वेल्स के 100 दिन के दौरे पर जाएगी क्रिकेट वर्ल्ड कप ट्रॉफी



नई दिल्ली। ICC World cup 2019 : इसी साल होने वाले आईसीसी वर्ल्ड कप की ट्रॉफी मेजबान देश इंग्लैंड एंड वेल्स का 100 दिनों का दौरा करेगी। आईसीसी ने गुरुवार को एक बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी। आईसीसी निसान वर्ल्ड कप ट्रॉफी 19 फरवरी से इंग्लैंड एंड वेल्स के दौरे पर निकलेगी और तकरीबन 20 शहरों में जाएगी।


## कोलकाता मैराथन में फ्लैग ऑफ करेंगे सचिन तेंदुलकर

कोलकाता। दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर तीन फरवरी को विवेकानंद युवा भारतीय क्रीड़ांगन मैदान से आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कोलकाता फुल मैराथन में फ्लैग ऑफ करेंगे।



एक बयान के मुताबिक, फुल मैराथन में कुल 500 धावक हिस्सा ले रहे हैं जबकि 3,000 धावक हाफ मैराथन में दौड़ेंगे। पिछले साल की विजेता अंजली सारोगी ने भी इस मैराथन में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। उनके अलावा 86 साल के बायलाहाली जर्नादन हाफ मैराथन में हिस्सा ले सकते हैं।

## घर पर बनायें सेहतमंद अंजीर का हलवा



आवश्यक सामग्री - 250 ग्राम सूखे अंजीर
2 बड़े चम्मच घी, 2-3 बड़े चम्मच चीनी
1/2 कप मावा, आधा छोटी चम्मच इलायची पाउडर
1 कप मेवे

बनाने की विधि

पहले सूखे अंजीर को तीस मिनट तक गर्म पानी में भिगो दे।भिगोई हुई अंजीर को मिक्सर में पीस लीजिये,अगर जरूरत हो तो थोडा पानी डाल दे। कड़ाई में घी डाले,साथ ही पीसी हुई अंजीर,चीनी और इलायची पाउडर डाल कर कम आंच पर खूब अच्छे से भुने 5-7 मिनट तक। अब खोया डाल कर 2-3 मिनट तक अच्छे से मिलाएँ।एक प्लेट को घी से चिकना कीजिये और हलवा डाल कर फैलाए।अब अपने मन पसंद कटे हुए मेवे ऊपर बिछाएँ।हलवा ठंडा होने पर परोसे। अंजीर का हलवा बन कर तैयार है, ये हलवा बिना फ्रीज के एक हफ्ता तक ख़राब नही होगा।


## शब्द सामर्थ्य-59

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 58 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

## सू-दोकू-59

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 58 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | [illegible] | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |